मूल्यः एक रूपया




आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–12, अंक–8, अक्टूबर 2011

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

# दीपावली की शुभकामनाएं!

**प्रिय बंधुवर,**

प्रकाश के त्यौहार दीपावली के पावन अवसर पर कामधेनु समूह अपने परिवार के सदस्यों, डीलरों, डिस्ट्रीब्यूटरों और फ्रेंचाइज़ी सहयोगियों को व्यापार में उन्नति और परिवार में खुशहाली के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देता है।

इस वर्ष इस मंगल पर्व के अवसर पर हमारे पास जश्न मनाने के लिए अनेकों कारण हैं। हमने पिछले एक वर्ष में आप सभी के सहयोग से देश भर में अपने व्यापार और ख्याति दोनों में ही खासी वृद्धि की है। अपने इस्पात



उत्पादों को अधिकाधिक ग्राहकों तक पहुँचाने के लिए के हमने नए डीलरों, डिस्ट्रीब्यूटरों और फ्रेंचाइज़ी सहयोगियों की नियुक्ति करके व्यवसाय के क्षेत्र में तथा अति उन्नत Fe-500D जैसे नए उत्पादों को बाजार में उतारकर अपने उत्पाद श्रेणियों में विस्तार किया है। साथ ही देश भर में अपनी पकड़ मज़बूत करने के लिए हमने उड़ीसा, आन्ध्र प्रदेश, और पूर्वोत्तर राज्यों में भी अपने उत्पादों की उपलब्धता में बढ़ोत्तरी की है।

जैसा आप सभी को मालूम है पिछले वित्त वर्ष में हमारे सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्टों में से एक कामधेनु पेंट्स ने अपने ब्रांड ***Colour Dreamz*** की बाजार में बढ़ी मांग के चलते शानदार प्रदर्शन किया है। कंपनी अपने इस प्रदर्शन से उत्साहित है और आने वाले समय में अपने उत्पादों की निरन्तर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नई उत्पादन इकाईयां स्थापित करने के बारे में गंभीरतापूर्वक विचार कर रही है। पिछले वर्ष में हमने अपने वितरण और विक्रय नेटवर्क को सुदृढ़ बनाने की दिशा में भी अनेकों प्रयास किये हैं।

आधुनिक इमारतों की साज–सज्जा में प्लाईवुड के बढ़ते प्रयोग और कामधेनु प्लाईवुड की शानदार गुणवत्ता के चलते हमारे इस उत्पाद ने भी पिछले वर्ष में उत्साहजनक प्रदर्शन किया है। हमने भी ग्राहकों के विश्वास को और अधिक मज़बूत करने के लिए विदेशों से उच्च गुणवत्ता की कच्ची सामग्रियों का आयात करके अपने इस उत्पाद और अधिक मज़बूत बनाने का प्रयास किया है। हमें आपको यह बताते हुए गर्व है कि कामधेनु प्लाईवुड जैसी उच्च गुणवत्ता की कच्ची सामग्री केवल कुछ ही शीर्ष कंपनियों के उत्पादों में उपलब्ध है।

ग्राहकों के दिलों में जगह बनाने के उद्देश्य से दैनिक उपभोग योग्य उत्पाद श्रेणी के अन्तर्गत पिछले वर्ष बाजार में उतारा गया हमारा पेय जल ब्रांड कामधेनु *fresh* भी अपने लक्ष्यों को बखूबी पूरा कर रहा है। हमारे पेय जल की इस समय बाजार में काफी मांग है। इसी के चलते हमने पिछले वर्ष में अपनी उत्पादन क्षमता में भी वृद्धि की है।

वर्तमान में हमारे व्यापार का बढ़ता दायरा कंपनी के उज्जवल भविष्य का शुभ संकेत है। हमें पूर्ण विश्वास है कि विकास की इन राहों पर हमें आपका समर्थन निरन्तर इस प्रकार ही प्राप्त होता रहेगा। तो आइए हम सभी अपने प्रयासों से इस दीपावली की खुशियों से ना सिर्फ अपना बल्कि समूचे समाज का हर दिन दीपावली जैसा मंगलकारी बनाएं।

**शुभेच्छु,**
सुनील अग्रवाल
निदेशक,
कामधेनु इस्पात लिमिटेड



# दुनिया से रेस लगाने को तैयार भारत



भारत में आयोजित होने वाली पहली फॉर्मूला वन रेस– इण्डियन ग्रां प्री 30 अक्टूबर, 2011 को शुरू होने वाली है। इस कार्यक्रम के आयोजन के समारोह स्थल बुद्ध अन्तर्राष्ट्रीय सर्किट को विश्वस्तरीय रेसों के आयोजन को ध्यान में रखकर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। यह रेसिंग सर्किट 5.14 किलोमीटर लंबा है और हर लिहाज़ से भव्य और विहंगम है।

विश्वस्तरीय खेलों के आयोजन में देश की महारत के प्रतीक इस आयोजन स्थल में प्रवेश के लिए 30 द्वार हैं। दर्शक दीर्घा तक पहुँचने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को तीन स्तरीय सुरक्षा जाँच से होकर गुजरना होगा। यहां पर 16 हजार कारों की पार्किंग तथा एक लाख दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है। मेडिकल सेंटर के अलावा दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों के लिए 10 मेडिकल पोस्ट की भी व्यवस्था की गई है। आपात स्थिति के लिए हैलिकॉप्टर तैनात रहेंगे और मरीजों को अपोला अस्पताल ले जाया जाएगा।


एफ.आई.ए. के नियमों के तहत बनाए गए इस अन्तर्राष्ट्रीय सर्किट में फॉर्मूला वन रेस के लिए विश्व के 24 शीर्ष ड्राइवर और टीमें भारत आ रहे हैं। आशा है यहां के प्रबंधों को देखकर अन्तर्राष्ट्रीय दर्शकों को बड़े कार्यक्रमों के आयोजन में भारत की दक्षता का अनुभव होगा।

## 'मिशन रडार' से आसमान सुरक्षित



भारतीय आसमान की सुरक्षा को मज़बूत करने के लिए रक्षा मंत्रालय इन दिनों 'मिशन रडार' को अत्याधिक अहमियत दे रहा है। नौसेना की निगरानी में समुद्री सीमा पर 46 रडार लगाने की योजना शुरू हो गई है। थल सेना भी अपने एयर–डिफेंस को सुदृढ़ बनाने हेतु शीघ्र ही सीमा पर थ्रीडी टैक्टिकल रडार कंट्रोल रडार और एक साथ कई निशानों को पकड़ने में सक्षम ट्रूप लेवल रडार तैनात करने की तैयारी कर रही है। ये तकनीक हवाई निगरानी तंत्र के लिए न केवल खतरे को पहचानने बल्कि उनकी काट के लिए पूर्णतया सक्षम हैं। सरकार का लक्ष्य 2014–15 तक पूरे देश को सम्पूर्ण रडार कवरेज में लाने की है।

## सौ साल के फौजा सिंह ने रचा इतिहास



भारतीय मूल के सौ वर्षीय फौजा सिंह ने 42 किलोमीटर दूरी की स्कॉटियाबैंक टोरंटो वाटरफ्रंट मैराथन को 8 घंटे, 26 मिनट और 30 सेकेण्ड में सफलतापूर्वक पूरा करके गिनिज बुक में अपना नाम दर्ज कराया है। मूल रूप से जालंधर के गांव ब्यासपिंड के निवासी फौजा सिंह इतनी लम्बी दूरी की मैराथन पूरी करने वाले विश्व के सबसे उम्रदराज एथलीट हैं। अब तक 5 मैराथन दौड़ों में भाग ले चुके फौजा सिंह की इच्छा 2012 में लंदन ओलम्पिक टॉर्च रिले में भाग लेने की है। इच्छाशक्ति के धनी फौजा सिंह ने साबित किया है कि यदि इंसान किसी लक्ष्य को प्राप्त करने के ठान ले तो कुछ भी असंभव नहीं होता।

# कामधेनु पेंट्स ने हल्द्वानी में आयोजित किया पेंटर्स सम्मेलन

**कार्यक्रम में गत वर्ष की पेंटर स्कीम में शानदार प्रदर्शन करने वाले पेंटरों को पुरस्कृत किया गया।**



उत्तर भारत में अपने ग्राहकों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध कामधेनु पेंट्स ने 26 सितम्बर, 2011 को हल्द्वानी में एक भव्य पेंटर सम्मेलन का आयोजन किया। इस मीटिंग का प्रमुख उद्देश्य गत वर्ष की पेंटर स्कीम में शानदार प्रदर्शन करने वाले पेंटरों को पुरस्कृत करना था। पेंटरों को प्रचलित पेंटिंग प्रविधियों, डिजाइनर फिनिशिस और पर्यावरण–अनुकूलित पेंट उत्पादों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए कामधेनु पेंट्स ने उनके लिए विशेष तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भी किया। इससे वे अपने कार्य की गुणवत्ता सुधार सकेंगे। इस कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्रों के लगभग 200 पेंटरों और निर्माण उद्योग के लोगों ने भाग लिया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कामधेनु पेंट्स के सी.एफ.ए. नीलम एण्टरप्राइजेज़ के प्रतिनिधि श्री मयंक मांगलिक भी इस मेगा मीट में मौजूद थे। इस अवसर पर कंपनी का प्रतिनिधित्व श्री लवजीत सिंह, मैनेजर–ब्रांड प्रमोशन ने किया।

पर्यावरण अनुकूल पेंट्स के बारे में जानकारी देते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सचिन अग्रवाल कहते हैं, "लेड और एस्बेस्टस् की अधिक मात्रा वाले पेंट से कैंसर और एस्बेटोसिस जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इसलिए परिवार के स्वास्थ्य हितों की चिंता करने वाले सभी लोगों को कम वाष्पशील कार्बनिक तत्वों वाले (लो–वी.ओ.सी.) वाले ***Colour Dreamz*** की **Eco Fresh** श्रृंखला के पेंट को बेहतरीन विकल्प के रूप में इस्तेमाल करना चाहिए। पर्यावरण को लेकर व्यक्त की जा रही चिंताओं को देखते हुए कामधेनु पेंट्स ***Colour Dreamz*** की **Eco Fresh** श्रृंखला का तेजी से बाजार मे प्रचार कर रही है। अपने इस लक्ष्य को पाने के लिए कंपनी भविष्य में भी इस प्रकार के अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन करेगी।"

# आन्ध्र प्रदेश के डीलरों ने की बैंकॉक यात्रा

**अपने दक्षिण भारतीय डीलरों को प्रोत्साहित करने की दिशा में कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने एक प्रयास**

दक्षिण भारत में अपनी स्थिति मज़बूत करने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने अपने आन्ध्र प्रदेश के डीलरों के लिए बैंकॉक यात्रा की व्यवस्था की। इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य पिछले समय में उनके द्वारा किये गए शानदार प्रयासों को पुरस्कृत करना और उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार के प्रदर्शन के लिए उत्साहित करना था। इस 3 रात और 4 दिवसीय यात्रा की शुरूआत डीलरों के 19 सितम्बर, 2011 को हैदराबाद के राजीव गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से प्रस्थान के साथ हुई।

इस समूह ने यात्रा के दौरान पटाया समुद्र तट, कोरल आईलैण्ड और बौद्ध मन्दिरों सहित बैंकॉक के कुछ विश्वप्रसिद्ध पर्यटक स्थलों की सैर की। वहां उन्होंने सफारी के अतिरिक्त पैराग्लाइडिंग, अण्डर–वाटर कोरल व्यू, तैराकी व अन्य जलक्रीड़ा जैसी रोमांचक गतिविधियों का आनन्द उठाया। उन्होंने अल्कज़ार शो, तथा जेम्स एण्ड ज्वैलरी शो का भी लुत्फ़ उठाया। संक्षेप में, यह यात्रा सभी के लिए एक यादगार अनुभव रही।

इस समूह ने 23 सितम्बर, 2011 को बैंकॉक से वापसी की। सभी डीलरों ने इस यात्रा का भरपूर आनन्द उठाया और कंपनी को उनके लिए बेहतरीन व्यवस्था करने के लिए धन्यवाद दिया।



## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री शंकरा
**मैसर्स शंकरा इंफ्रास्ट्रक्चरार मैटीरियल्स लिमिटेड**
9–16–623, नीला बिल्डिंग
अज़ीज़ुद्दीन रोड बंदरमैंगलोर
मो. : 9845724992

श्री संदीप बलवानी
**मैसर्स रूप ट्रेडर्स**
34, सिया गंज, मेहता चैम्बर
इंदौर, मध्य प्रदेश
मो. : 7312533175

श्री ब्रज किशोर साहू
**मैसर्स साहू हार्डवेयर एण्ड पेंट्स**
10, रेडक्रॉस रोड
जिला छत्तरपुर, मध्य प्रदेश
मो. : 9806257620

# कामधेनु पेंट्स ने मनाली में किया डीलर सम्मेलन का आयोजन

**कार्यक्रम में गत वर्ष व चालू वर्ष के ए.टी.आर. स्कीम के विजेताओं की घोषणा की गई।**



कामधेनु पेंट्स का ब्रांड ***Colour Dreamz*** वर्तमान में ग्राहकों के बीच बेहद लोकप्रिय और देश के सभी बाजारों में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। कंपनी की इस उपलब्धि का श्रेय देश भर में विस्तृत इसके स्वउत्साहित डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों के विशाल नेटवर्क को जाता है। यह उनके प्रयास हैं जो कंपनी के उत्पादों की उत्कृष्ट गुणवत्ता के सम्पूरक के रूप में कार्य करके इनकी मांग में वृद्धि करते हैं। कंपनी भी उन्हें बेहतर प्रयासों के लिए उत्साहित रखने हेतु अनेकों स्कीमें चलाती रहती है। इसी प्रकार की एक ए.टी.आर. स्कीम की शुरूआत कंपनी द्वारा पिछले वर्ष की गई थी जिसमें डीलरों ने प्रशंसनीय उत्साह के साथ भाग लिया था। पिछले और चालू वर्ष की ए.टी.आर. स्कीमों के विजेताओं की घोषणा 24 सितम्बर, 2011 को मनाली (हिमाचल प्रदेश) के अवेदा होटल में आयोजित एक डीलर सम्मेलन में की गई। इस अवसर पर कामधेनु पेंट्स के निदेशक श्री सचिन अग्रवाल और कामधेनु पेंट्स की ओर से श्री हरबिन्दर सिंह, आर.एस.एम. और श्री निहाल राप्ता, ए.एस.एम. कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कंपनी के पक्ष को डीलरों के सामने रखते हुए श्री सचिन अग्रवाल ने कहा, "पिछले वर्ष में कामधेनु पेंट्स ने वास्तव में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हम आपके समर्थन के बिना इतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकते थे। हम आपके बहुमूल्य प्रयासों के लिए तहे–दिल से शुक्रगुज़ार हैं। किन्तु, हमें इस बात को ध्यान रखना चाहिए कि यह केवल शुरूआत है और हमें अभी बहुत आगे जाना है। मैं आपको पुनः आश्वस्त करना चाहता हूँ कि कंपनी की प्रगति की दिशा में किये गए आपके सभी प्रयासों को निश्चित रूप से पुरस्कृत किया जाएगा।"

कंपनी की भावी नीतियों के बारे में जानकारी देते हुए श्री अग्रवाल ने आगे कहा, "भविष्य में हमारा ध्यान हाल ही में लाँच पर्यावरण–अनुकूलित पेंट उत्पादों की श्रृंखला– **Eco Fresh** के प्रचार पर केन्द्रित रहेगा। बढ़ती हुई पर्यावरण समस्याओं और उच्च वी.ओ.सी. वाले पेंट उत्पादों के स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभावों के मद्देनज़र हमें इन उत्पादों की भारी मांग होने की आशा है। इसके अतिरिक्त, आने वाले त्यौहारों के मौसम को देखते हुए हम अपने डिजाइनर पेंट उत्पादों के प्रचार में भी तेजी लाएंगे।"

पिछले वर्ष की ए.टी.आर. स्कीम में शानदार प्रदर्शन करने के लिए मैसर्स शिव शिवा हार्डवेयर स्टोर, मैसर्स बलदेव चन्द ज्ञान चन्द और मैसर्स उप्पल हार्डवेयर स्टोर को होंडा एक्टिवा प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। वर्तमान वर्ष में सर्वाधिक सेल्स वैल्यू अर्जित करने के लिए नूरपूर के मैसर्स अमित आयरन स्टोर को प्रथम, जबकि भुंतुर के मैसर्स उप्पल हार्डवेयर स्टोर व रोहरू के मैसर्स दिल्ली स्टोर को क्रमशः द्वितीय और तृतीय पुरस्कार मिला। इमल्शन्स की सर्वाधिक बिक्री के लिए घुमराविन के मैसर्स बलदेव चन्द ज्ञान चन्द, शिमला के मैसर्स के.सी. ट्रेडिंग कं. और रेहान के मैसर्स राणा एण्टरप्राइजेज़ को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार मिला। कामधेनु पेंट्स की मैटेलिका श्रृंखला की सर्वाधिक बिक्री के लिए सोलन के मैसर्स जोहरी लाल बंशीधर को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर डीलरों ने भी कंपनी के प्रतिनिधियों को अपनी समस्याओं से अवगत कराया और इनका सहज समाधान ढूंढने के लिए गम्भीर चर्चा हुई। कार्यक्रम को डीलरों के लिए यादगार बनाने के लिए कंपनी द्वारा अन्य मनोरंजक कार्यक्रमों की व्यवस्था भी की गई थी।




**पिछले अंक में प्रकाशित खगड़िया (बिहार) के डीलरों की बैंकॉक–पट्टाया यात्रा में गलत फोटो लग गई थी। उस यात्रा की सही फोटो। असुविधा के लिए खेद है।**



A scintillating spectrum of ravishing colours
to give your desires the royal look.







Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com